तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024



12 तबादले के बाद भी विभाग में जमे अधीक्षक और आधा दर्जन आरआई



# मेंटेनेंस के नाम पर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में घंटों बिजली बंद, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दशहरा और दिवाली पर्व की तैयारी में जुटे दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। यह दिक्कत हैं कि इन दिनों पूरे क्षेत्र में बिजली घंटों बंद की जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों की दलील है कि मेंटनेंस कार्य की वजह से बिजली बंद करना मजबूरी है। इधर बारिश खत्म होने के बाद बिजली मेंटनेंस कार्य की बात उपभोक्ताओं के गले उतर नहीं पा रही है। बारिश पूर्व ही बिजली मेंटनेंस का काम हुआ है।

### बिजली विभाग से कोई सूचना नहीं

विद्युत अधिकारियों ने जिस वाट्सएप ग्रुप के लोगों को बिजली बंद होने की जानकारी देने की बात कहते रहे उससे 80 प्रतिशत लोग जुड़े नहीं है। 20 प्रतिशत लोगों के भरोसे बिजली विभाग के अधिकारियों को लगता है कि उन्होने पूरे लोगों को जानकारी पहले ही उपलब्ध करवा दी। बिजली विभाग से मोबाइल पर अधिकृत सूचना ही नहीं भी नहीं आई। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## चंद्रनगर, लोकनगर सहित दर्जन भर कॉलोनी प्रभावित

### तीन घंटे तक बिजली रही बंद

बुधवार को दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में अचानक दोपहर साढ़े 11.30 बजे बिजली बंद कर दी गई। लोगों ने कई घंटे इंतजार किया और उसके बाद जब उतई विद्युत वितरण कार्यालय में शिकायत की तो पता चला कि बिजली मेंटनेंस कार्य चल रहा है। इसलिए दोपहर 2 से 3 बजे के बीच ही बिजली आ पाएगी।

### कालोनी से लेकर गांव तक लोग त्रस्त

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, वेदांत नगर, कबीर नगर, न्यू नेहरूनगर, राजेंद्र विहार सहित संलग्न कालोनियों में बिजली बंद रही। इसी तरह पुरई, उमरपोटी, पाऊवारा, खम्हरिया सहित आसपास के गांवों में बिजली की समस्या से लोग खासे परेशान हैं।

### पेयजल व निस्तारी के लिए जूझते रहे लोग

बिजली बंद होने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेयजल और निस्तारी जैसी समस्या से जूझना पड़ा। प्रभावितों ने बताया कि बिना जानकारी के बिजली बंद कर दी गई। जिसकी वजह से लोगों ने पानी का स्टोर नहीं कर रखा था। घरों की पानी टंकी खाली हो गई। पीने का पानी तक के लिए समस्या आई। दोपहर तक लोग नहा तक नहीं पाए।



### खम्हरिया में नया बिजली पोल का काम रुका

खम्हरिया में हनोदा की तरफ से नया बिजली पोल व तार लगाने का कार्य किया जा रहा था।लेकिन मात्र एक ब्यक्ति के विरोध के कारण ठेकेदार ने काम ही रोक दिया।।जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है।ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच सुखीत यादव ने बताया की गांव में बार बार बिजली गोल होने से ग्रामीण जन बेहद परेशान है।इस समस्या के समाधान हेतु हनोदा की तरफ से बिजली तार व बिजली का पोल लगाया जा रहा था। गांव में तार खींचने के बाद लगाया जाने वाला 5 नग ट्रांसफार्मर गांव में आ चुका है।

**“ मेंटेनेंस कार्य चल रहा है**

इन दिनों बिजली मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है जिसकी वजह से बिजली बंद करनी पड़ रही है। सरपंच से जुड़े वाट्सएप ग्रुप में बंद की सूचना हमने दे दी थी। - **वाई के परस्ते,** जेई उतई विद्युत वितरण केंद्र

## खबर संक्षेप

### 5 वर्ष के बच्चों का बन रहा आधार कार्ड

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में 0 से 5 वर्ष के बच्चो के लिए आधार कार्ड बनाने का कार्य कार्यालयीन अवधि में किया जा रहा है। आधार कार्ड की आवश्यकता सभी को पड़ती है। नागरिकों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था मुख्य कार्यालय में की गई है। बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज- बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का आधार कार्ड, माता या पिता कोई एक व्यक्ति बच्चे को लाकर आधार कार्ड बनवा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 50 रूपया है। विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि बच्चो के आधर कार्ड के लिए इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं है। माता -पिता में से कोई भी व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज लेकर निगम मुख्य कार्यालय के जनगणना विभाग के सामने स्थित काउन्टर पर आकर बनवा सकते हैं। अपने भी सुविधा का लाभ लें एवं दूसरे अभिभावकों को भी बतावें।

### हाई मास्ट लाइट से जगमगाया दुर्गा पंडाल

**भिलाई।** हाई मास्ट लाइट से तालपुरी बी ब्लॉक का दुर्गा पंडाल जगमगा गया। क्लब हाऊस परिसर में बने गार्डन में हाइ मास्ट को स्टाल किया गया है। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बटन दबाकर इसका उद्घाटन किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। पूरा देश माता की अराधना कर रहे है। यह 9 दिन अराधना के साथ-साथ उत्सव का है। हम सब एक दूसरे के लिए मंगल कामना करते है। हम सब पर माता की कृपा बने रहे। विधायक ने कहा कि पार्षद के प्रयास से यहां पर हाई मास्क लाइट लगा है। शारदीय नवरात्र में परिसर जगमगा उठा है। ऐसा ही प्रकाश हम सब के जीवन में बना रहे। उन्होंने कहा कि समय के साथ और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य संपूर्ण क्षेत्र में होगा। इस अवसर पर पार्षद सविता ढवस, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल समेत तालपुरी के नागरिक उपस्थित थे।

## विडंबना : जिले के नए सरकारी कॉलेज बंद होने के कगार पर

# रिसाली व बासीन कॉलेज की कक्षाओं में केवल 9 विद्यार्थी, जामुल बीएससी में एक

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में सालों से नए आठ सरकारी कॉलेज खोले गए हैं लेकिन भवन नहीं बने। भवन के अभाव में कॉलेज स्कूलों या सार्वजनिक भवनों में लग रहे हैं। जिसकी वजह से इन कॉलेजों में विद्यार्थियों की संख्या घटने लगी है। दो कॉलेज तो ऐसे हैं जहां इस बार प्रथम वर्ष में गिनती के विद्यार्थी हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में इन नए कॉलेजों को बंद करने की नौबत आ सकती है। हाल यह है कि शासकीय महाविद्यालय रिसाली की दो कक्षाओं में केवल 12-12 और बासीन कॉलेज की दो कक्षाओं में 9-9 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।



### ये दो नए कॉलेज बंद होने के कगार पर

**केस 1**

**शासकीय नवीन महाविद्यालय बासीन**

इस साल बासीन कॉलेज के बीए और बीएससी प्रथम वर्ष में केवल 9-9 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। बीएससी द्वितीय वर्ष में भी 19, बीएससी अंतिम वर्ष में 9 विद्यार्थी हैं। बीए द्वितीय वर्ष में 19 विद्यार्थी अध्ययरत है। कुल यहां 64 विद्यार्थी ही हैं।

**केस 2**

**शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में अंतिम वर्ष में 7 विद्यार्थी** : इस कॉलेज को खुले तीन साल हो गए हैं। यहां विद्यार्थियों की संख्या दिन ब दिन घटती जा रही है। इस साल बीए प्रथम वर्ष में 36,बीए द्वितीय वर्ष में 12 और अंतिम वर्ष के लिए केवल 7 विद्यार्थी ही बचे हैं। बीकॉम प्रथम में केवल 33 विद्यार्थियों का प्रवेश हो सका। बीकाम द्वितीय वर्ष में 22 और अंतिम वर्ष में केवल 12 विद्यार्थी हैं। बीएससी प्रथम में 18, द्वितीय वर्ष में9 और अंतिम वर्ष में 14 विद्यार्थी हैं। कुल 163 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### इन कॉलेजों में घट रही विद्यार्थियों की संख्या

**रानीतराई कॉलेज में केवल 134 एडमिशन**

स्व. दाउ रामचन्द्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में भी विद्यार्थियों का दाखिला संतोषजनक नहीं है। इस कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 71, बीकॉम प्रथम में 31 और बीएससी प्रथम वर्ष में केवल 32 विद्यार्थियों का दाखिला हो पाया है। यहां कुल 134 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। जबकि तीनों संकायों में 50 से ज्यादा सीटें निर्धारित हैं।

**शासकीय नवीन महाविद्यालय कुम्हारी में गिनती के विद्यार्थी**

शासकीय नवीन महाविद्यालय कुम्हारी में गिनती के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। बीए प्रथम वर्श में इस साल केवल 26 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया जबकि सीटों की संख्या 50 है। इसी तरह बीए द्वितीय में 19 और अंतिम वर्ष में 21 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। बीकॉम प्रथम से लेकर अंतिम वर्ष तक तय सीटों से कम विद्यार्थी हैं। बीकॉम प्रथम में 44, द्वितीय में 45 और तृतीय में 31 विद्यार्थी हैं। बीएससी प्रथम में 28, द्वितीय में 10व अंतिम में 16 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

**जामुल बीएससी अंतिम में एक विद्यार्थी**

डॉ.मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के बीएससी अंतिम में केवल एक विद्यार्थी पढ़ रहा है। बीएससी द्वितीय में 18 और प्रथम वर्ष में 25 विद्यार्थी हैं। बीए प्रथम में 47, द्वितीय में 32 और अंतिम में केवल 12 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। बीकॉम प्रथम में 82, द्वितीय में 43 और अंतिम में 41 विद्यार्थी हैं।

### कहीं तीन साल से कहीं 6 साल से भवन नहीं

सरकार ने कॉलेज तो खोल दिए लेकिन कहीं तीन साल से तो कहीं 6 साल से भवन नहीं हैं। जिसकी वजह से विद्यार्थी स्कूलों में या फिर सामुदायिक भवन में पढ़ने मजबूर है। विद्यार्थियों के मुताबिक स्कूलों में कॉलेज की कक्षाएं लगने से दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कॉलेज में अध्ययनरत होने के बाद भी फीलिंग स्कूल की आती है। स्कूल छूटने के बाद कॉलेजों शुरू होते हैं। इसके लिए इंतजार करना पड़ता है। लाइब्रेरी, खेलकूद और अन्य गतिविधियां नहीं हो पाती।

### भवन निर्माण के पैसे मंजूर

“ जामुल और निकुम कॉलेज में भवन निर्माण हो चुका है। जल्द ही उद्घाटन होना है। सभी नए कॉलेज भवन निर्माण के लिए फंड स्वीकृत हो चुका है। निर्माण एजेंसी को फंड ट्रांसफर हो चुका है। रिसाली व एक-दो कॉलेज के लिए स्थल की दिक्कत है।

**- डॉ. राजेश पांडेय**
उप संचालक उच्च शिक्षा

# दादू हत्याकांड के फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आदतन बदमाश दादू देशमाने की हत्या करने वाले तीन फरार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर क्राइम सीन भी कराया गया। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि चंडी मंदिर के पास मठपारा में सोमवार की रात पुरानी रंजिश के चलते दादू देशमाने की हत्या ईंट पत्थर मारकर 6 आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जिसमें पुलिस ने तीन आरोपी अनिल साहू, किशन यादव, विशाल देवांगन को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद घटना से फरार होने वाले एक अपचारी बालक और नवनीत उर्फ छोटू, नवीन उर्फ नेहरू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त 6 आरोपियों ने मिलकर साजिश के तहत दादू की हत्या का प्लान रचा उसके बाद मौका मिलते रास्ते से हटा दिया। दादू सेंटरिंग का काम करता था। मृतक विवाहत था। उसके बच्चें भी है।

# फरार गुटखा व्यापारी साजिद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में गुटखे का बड़ा काराबोरा करने वाला फरार आरोपी साजिद खान को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि अवैध गुटखा का संचालन कहां कहां किया जाता है। इसके साथ कौन-कौन शामिल है इसकी जानकारी उससे ली जा रही है। वहीं वैशाली नगर का राजेन्द्र पंडा के बारे में पतासाजी की जा रही है। फिलहाल पुलिस को साजिद से कई अह्म जानकारी मिली है। पुलिस उसी आधार पर फरार आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है। भिलाई तीन से मिले अवैध गुटखा का फैक्ट्री भी साजिद का था। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर को पुलिस ने उमदा से अवैध गुटखा के साथ दबिश देकर शिव कुमार, ,राकेश केवट ,टिकेश्वर पटेल ,राजकुमार , विपिन केवट ,शीतल , शुभेलाल बैगा ,संदीप कुमार पाल , लवकेश केवट , पुरन सिंह , शिब्बू केवट ,मोह. बिसमिल्लाह को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से चार पहिया वाहन में लोड 60 बोरी गुटखा, 20 बोरी गुटखा अलग से पड़ा मिला था। पुलिस पूछताछ में भजन कैवर्थ, राजेन्द्र पण्डा के देखरेख करना व साजिद खान के निर्देशन पर कंपनी संचालित करना स्वीकार किया। शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि फरार आरोपी साजिद खान को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले में और भी कई धाराएं जोड़ी जाएगी।

- भिलाई तीन पुलिस ने घर से पकड़ा, हुई कई बड़े खुलासे



# डीएड अभ्यर्थियों ने ली प्रतीकात्मक जल समाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

डीएड/डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने बुधवार को तालाब में सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक जल समाधि लेकर प्रदेश सरकार से अपनी नियुक्ति की मांग की। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांगो को लेकर 2 अक्टूबर से तूता धरनास्थल पर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं। डीएड की नियुक्ति का आदेश हाई कोर्ट ने 7 माह पहले दिया था। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आए 1 माह से अधिक हो गया सरकार और विभाग द्वारा अभी तक आदेश का पालन नहीं किया हैं। अभ्यर्थियों ने सरकार और विभाग को चेतावनी दी है कि जल्द पीड़ित डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं देती है तो हम पूर्ण रूप से अपने जीवन त्यागने को विवश होंगे।



## गिरफ्तार आरोपियों ने किया खुलासा, तीन आरोपियों को पुलिस ने मुंबई से पकड़ा

# ओमान और थाइलैंड में सायबर स्लेवरी में फंसे लोगों के लिए लेंगे इंटरपोल की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

\ओमान और थाईलैंड में फंसे लोगों की मदद के लिए पुलिस इंटरपोल की मदद से कार्रवाई की जाएगी। विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर मानव तस्करी करने वाले दो युवक और एक महिला को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन ने खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी लक्ष्मी नगर लिंक रोड टावर 10 गोरेगांव मुंबई निवासी साजन शेख, मुंबई रफी खान उर्फ रफीक और एक महिला को मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि साजन विदेशों में नौकरी लगाने वेकेंसी दिखाकर झांसे में लिया करता था। वर्ष 2022 में वीएस इंटरप्राइजेस मेनपावर कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी बनाया। जिसका लाइसेंस नहीं है। कंपनी के द्वारा गल्फ देश साउदी, दुबई, ओमान, कुवैत जैसे देशों में नौकरी लगाने और विजा सर्विस देने के नाम पर रुपए ऐठा करते थे। वहीं पीड़ित युवक से रफी उर्फ रफीक ओमान के लाओस में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम बताकर साजन और गोरेगांव की महिला के पास मुलाकात कराया था। पीड़ित को रफीक ने बताया कि वह उक्त कंपनी में एजेंट का काम करता है जिसका संचालन साजन शेख और सहयोगी महिला है। तीनों की बातों में आकर पीड़ित लाओस के गोल्डन ट्राइंगल में गोल्डन लिंक सर्विस ट्रेड कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने का दावा किया।जिसके एवज में पीडित ने पहले 50 हजार, 1.50 लाख रुपए बैंक ऑफ बडोदा के खाते में ट्रांसफर किया।

### दो लाख लेकर ठगी भी किया





इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित का एयर टिकट बनाकर पहले उसे थाईलैण्ड से फिर ओमान के लाओस भेजा गया। लाओस में जाकर पीड़ित को गोल्डन ट्रॅगल एरिया में ले जाया गया। जहां कंपनी के मैनेजर से मुलाकात हुई। जो विदेशी व्यक्ति था जिसे पीड़ित नही पहचानता है। यहां पीड़ित कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में काम करने कुछ विडियो दिखाये गये जो सायबर फ्राड (स्कैम) से जुड़ा हुआ था। उक्त काम नहीं करने कहने पर पीड़ित को चार से पांच दिन वहीं रोककर रखा गया। आरोपियो से पीड़ित फोन से संपर्क कर काम पसंद नहीं आने पर वापस आने को लेकर जानकारी दी। उसके बाद आरोपियो के द्वारा दोबारा एयर टिकट कर लाओस के एजेंट को स्थानीय मुद्रा दिलवाने के बाद भारत लाया गया। इस प्रकार आरोपियो के द्वारा विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर पीड़ित से 2 लाख रूपये लेकर ठगी किया।

### थाईलैंड और ओमान में सायबर स्लेवरी

पुलिस ने बताया कि थाईलैंड और ओमान में सायबर स्लेवरी में युवकों को लालच देकर विदेश ले जाया जाता है। जहां पर लाओस में करीब 8 से 10 लोग अब भी फंसे हुए है। जिन्हें निकालने के लिए पुलिस इंटरपोल की मदद से कार्रवाई करने की बात दुर्ग पुलिस कर रही है। ये लोग देश के विभिन्न हिस्सों के है। लाओस, थाईलैंड में सायबर स्लेवरी (गुलामी) में फंसे लोगो को बचाने के लिए आरोपियो पर इंटर पोल के माध्यम से कार्रवाई किया जाएगा। कुछ फर्जी कंपनियां भारतीयों की अपना शिकार बना रही है। और उन्हे विदेश बुलाकर जबरदस्त सायबर क्राइम करने को मजबूर किया जाता है। इसमें खासकर कंबोडिया और लाओस के भारतीय सबसे अधिक शिकार है।

**“ डिटेल विदेश मंत्रालय भेजा जाएगा**

फंसे लोगों का पुलिस पूरा सहयोग करेगी। पासपोर्ट का सारा डिटेल निकालकर पीएचक्यू के माध्यम से विदेश मंत्रालय भेजा जाएगा। इससे जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

- जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग

# ट्रेन से कटा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर सुपेला निवासी बबलू बैठा सुपेला प्रियदर्शनी परिसर में ट्रेन से कटने से मौत हो गई। यह हादसा है या फिर आत्महत्या परिजनों के बयान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



दुर्ग। सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समितिएमरार पाराएपोटिया कला वार्ड 53।

### ग्राम तर्रीघाट में मनाया गया हर घर जल उत्सव



**दुर्ग।** जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले के पाटन विकासखण्ड ग्राम व पंचायत तर्रीघाट में हर घर जल उत्सव मनाया गया। इस दौरान सरपंच अशोक साहू एवं सचिव जानचन्द्र चक्रधारी एवं जल जीवन मिशन के कर्मचारी समस्त ग्रामीण उपस्थित थे। जल जीवन मिशन योजना को पीएचई विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तर्रीघाट को सौंपा गया। आने वाले समय में इस योजना का संचालन व रख-रखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जल कर, सामुदायिक सहभागिता, स्वामित्व भावना से योजना का संचालन करने के साथ ही विशेष तौर पर वर्षाकालीन वर्षा जल संरक्षण कर प्रदूषण मुक्त शुद्ध पानी पीने के फायदे के बारे में बताया गया।

## निधन

### पुष्पलता ताम्रकार



**दुर्ग।** तमेरपारा निवासी रिटायर्ड प्रधान पाठिका पुष्पलता ताम्रकार (बिट्टो बहनजी) 82 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे योगेश, अनु, अंजु की माताजी और राहुल, अतुल, आशुतोष ताम्रकार की बुआजी थी।

### मनमानी : भारमुक्त होने के बावजूद नए को ज्वाइनिंग नहीं दे रहे अफसर

# तबादले के बाद भी विभाग में जमे अधीक्षक और आधा दर्जन आरआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित भू अभिलेख शाखा के अधीक्षक सहित आधा दर्जन आरआई का तबादला कर दिया गया है। तबादले के बाद इन्हे रिलिव भी किया जा चुका है, इसके बाद भी पिछले पखवाडेभर से अधीक्षक और आरआई पुराने पदों में जमे हुए है। हालात यह है कि, उनके जगह आए नए अधिकारियों को पदभार नही मिल पा रहा है। जिसके चलते पूरी प्रशासनिक कामकाज ठप हो गई है।

तबादले के बाद ऐसे अधिकारी कोर्ट से स्टे लेने की फिरा में है। लेकिन कोर्ट ने किसी को भी स्टे नही दिया है। कुछ लोग कोर्ट की शरण में गए थे, लेकिन उन्हें कोर्ट ने राज्य शासन के समक्ष अभ्यावेदन लेने कहा गया है। ऐसे में अभ्यावेदन को तबादला रोकने का हथियार बनाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो गलत हैं। मिली जानकारी अनुसार सितंबर माह में ही राज्य शासन द्वारा दुर्ग भू राजस्व के अधिकरियों का तबादला आदेश जारी कर दिया गया है। लेकिन घात लगाए अफसर अपनी एप्रोच लगाने पूरा जोर डाल रहे है। उतर तक पहुंच बताकर पिछले पखवाडेभर यहां जमे है। मजाल हैं कि, राजस्व के प्रभारी अधिकारी और जिला प्रशासन कुछ एक्शन ले सके। बहरहाल इस पुराने अधिकारी और नए अफसर के बीच दुविधा में फंसे फरियादी हालाकान हो रहे है। हद तब हो रही है जब प्रशासन द्वारा भी हस्तक्षेप नही किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि, इस मामले में कलेक्टर से लिखित शिकायत भी की गई हैं।

## पुराने छोड़ नहीं रहे पद और नए भी हो रहे हालाकान




### कलेक्टर के निर्देश बाद भी प्रभार नहीं

जानकारी अनुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा पुराने अधिकारी के जगह नए अधिकारी को प्रभार देने निर्देश भी जारी कर दिए गए है। इसके बाद भी नए अधिकारियों को प्रभार नही मिल पा रहा है। जानकारी अनुसार भू अभिलेख अधीक्षक आदित्य कुंजाम का दुर्ग से बलरामपुर रामानुजगंज किया गया है। उनके साथ ही जामगांव एम, अंजोरा ख, सिकोला, कसारीडीह राजस्व मंडल के आरआई का तबादला हुआ है। वही परिवर्तित शाखा दो अधिकारियों का तबादला जांजगीर और महासमुंद किया गया हैं। सूत्रों ने बताया कि, कई आरआई स्टे लेने की फिराक लगे हैं।

### खींचतान और तनाव की स्थिति

नए और पुराने अधिकारियों के एक साथ दफ्तर में उपस्थित होने से भू अभिलेख में तनाव व खिंचतान की स्थिति निर्मित है। हालात यह है कि, जनता की जमीन संबंधी प्रकरणों की फाइलें आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके अलावा नए अधिकारी अपने पदभार ग्रहण करने को लेकर दुविधा में पड़े हुए हैं। दुर्ग जिले के भू अभिलेख शाखा की यह स्थिति आला अधिकारियों के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। जानकारी अनुसार कलेक्टर द्वारा 26 सितंबर 2024 को छः राजस्व निरिक्षक को पदभार देने आदेश जारी किया गया था। लेकिन उन्हें पदभार नही दिया गया है।

### अभ्यावेदन मांगे

कोर्ट ने अभ्यावेदन देने कहा है। जिसके चलते प्रक्रिया रूकी हुई हैं। करीब चार आरआई और अधीक्षक के लिए अभ्यावेदन मांगे गए है।

**-मुकेश रावटे,** डिप्टी कलेक्टर (ओआईसी राजस्व) दुर्ग

# नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई से मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम के राजस्व विभाग ने लगभग 10 से अधिक नल कनेक्शन कांटे गए। बुधवार को सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निरीक्षण कार्रवाही करने जलकार्य निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक लवकुश शर्मा के साथ कार्रवाही करने पहुँचे। नगर निगम द्वारा नल कनेक्शन काटने अभियान तेज कर दिया है। कार्रवाही के दौरान अमले के साथ जलकर वसूली को लेकर करदाताओं से जल कर टैक्स देने की बात कही जा रही है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी उप राजस्व निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा डोर टू डोर वसूली अभियान में डयूटी लगाई है। सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बकायादारों के घर-घर दस्तक दे रही है। निगम को लंबे समय से बकाया संपत्ति व जलकर नहीं पटाने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम अमला सभी बकायादारों के घर पहुँच रहे है। इस दौरान बकाया जलकर नहीं पटाने वाले कुछ करदाताओं के घर का नल कनेक्शन भी काटा गया।ऐसे में निगम का राजस्व अमला टैक्स वसूलने इन बकायादारों के घर पहुंच रही है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर ने बताया कि कई बकादारों ने सालों से जलकर टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसलिए जलकर भुगतान नहीं करने वाले पहले टैक्स देने की नोटिस के साथ अपील किया जाता है करदाताओं द्वारा टैक्स देने से इनकार किये जाने पर तुरंत नल कनेक्शन काटने की कार्रवाही किया जा रहा है।

- टैक्स बकायेदारों के खिलाफ निगम ने लिया सख्त कदम

### समिति के सदस्य राजेश ने किया पदभार ग्रहण



**दुर्ग।** जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा रामलला दर्शन योजना के समिति में नामित सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। नियुक्ति के पश्चात समाज कल्याण विभाग में पदभार ग्रहण किया तथा समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक परिहार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्याय, उपस्थित रहे।

### आज उरला में बनेगा मजदूर कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के उरला वार्ड 58 के आईएचएसडीपी कालोनी में दुर्ग सहायक श्रमायुक्त के निर्देशानुसार व हंसराज नवयुवक मंडल दुर्ग के सदस्यों तथा मंडल अध्यक्ष समाजसेवी जयवर्धन के निवेदन पर वंचित, निर्धन, अशिक्षित क्षेत्र आईएचएसडीपी कालोनी में 10 अक्टूबर को मजदूर कार्ड बनवाया जाएगा। वार्डवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

# विश्व डाक दिवस पर मैराथन के तर्ज पर पोस्टाथन रिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

डाक संभाग द्वारा विश्व डाक दिवस के अवसर पर दुर्ग भिलाई के नागरिकों के लिए मैराथन के तर्ज पर पोस्टाथन का आयोजन किया गया। इसमें डाक विभाग के कर्मचारियों के साथ अंचल के नागरिक गण एवं खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। भारतीय डाक विभाग 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इस दौरान प्रत्येक दिन विभाग की अलग अलग योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। फिट पोस्ट इंडिया की थीम के साथ इस पोस्टाथन रिले में अंचल के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। आगे जानकारी देते हुए दुर्ग डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक बीएल जांगड़े ने बताया कि, इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवम् विशेष अतिथि के रूप में निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल दिनेश कुमार मिस्त्री थे। पोस्टाठन के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

- 11 अक्टूबर तक चलेगा डाक सप्ताह का आयोजन






## निधन

### स्नेह लता गुप्ता



**भिलाई।** एचआईजी-79, हुडको निवासी पूर्व शिक्षिका ईएमएमएस-9 स्नेह लता गुप्ता का निधन 9 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पूर्व बीएसपी कर्मी स्व. एसडी गुप्ता की पत्नी एवं परितोष, विवेक की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### अशोक खुशवानी



**भिलाई।** संतराबाड़ी दुर्ग निवासी अशोक खुशवानी उम्र 54 वर्ष का निधन 8 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गुरुमुख दास खुशवानी के बड़े पुत्र, कैलाश खुशवानी के बड़े भाई व आशु, अविनाश खुशवानी के पिता थे।वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए सर्वाधिक राष्ट्रीय विजेता दुर्ग रहा

# जिला स्तरीय कला उत्सव में पाटन विकास खंड के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

समग्र शिक्षा के बैनर तले आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव मे पाटन विकास के बच्चों ने समस्त विधाओं में सहभागिता दी।जिसके लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे के सतत मार्गदर्शन , सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा अग्रवाल के संयोजन सह समस्त प्राचार्यों का सहयोग रहा। विकास ख़ंड पाटन के कला उत्सव समन्वयक मोहित कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों का चयन विद्यालय, संकुल पश्चात मर्रा, पाटन, जामगांव एम तथा भिलाई जोन के चयनित विद्यार्थियों विकास खंड स्तरीय देव बलौदा में आयोजन के आधार पर किया गया।विकास खंड से चयनित शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने शकुन्तला विद्यालय राम नगर सुपेला मे विधा के अनुरूप प्रस्तुति देकर सम्मानित हुए। इस अवसर हमारे समस्त सहभागियों को आशिर्वाद प्रदान करने क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन बतौर मुख्यातिथि एवं अध्यक्ष के रूप अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने पढ़ाई के साथ आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए विभिन्न आंतरिक प्रतिभाओं को प्रदर्शित करते हुए सर्वाधिक राष्ट्रीय विजेता दुर्ग बनें इस आशय के साथ स्नेहिल शुभकामनाएं दी। विद्वान निर्णायकों के निर्णय के आधार पर पाटन विकास से नृत्य में शिवोम विद्यापीठ सांकरा,नाटक में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम पांहदा, कहानी वाचन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित कराने वाले हैं।

द्वितीय स्थान पर गायन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम अमलेश्वर एवं वादन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम जामगांव आर को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता मे सफलता दर्ज कराने वाले प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक संचालक सह जिला नोडल अधिकारी कला उत्सव प्रतिष्ठा शुक्ला, जिला समन्वयक सरिता श्रीवास्तव, विकास खंड समन्वयक लखेश्वर साहू, प्रभारी दुर्ग, प्रभारी धमधा का स्नेह आशिर्वाद मिला। इसी तरह खंड स्तरीय आयोजन में संस्था के प्राचार्य टी.आर.साहू, ग्राम के वरिष्ठ दाऊ विशाल चन्द्राकर, देव कोचिंग सेंटर के संचालक देवतीर्थ साहू, माता कर्मा फाउंडेशन आदि का सहयोग रहा।

**अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर छह विधाओं में से तीन में प्रथम स्थान पर रहे**



## भ्रष्टाचार की शिकायत की आज तक नहीं हुई कार्रवाई : रमन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही की मांग पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव सहित भाजपा के 7 पार्षदों ने एसडीएम धमधा सहित कलेक्टर दुर्ग को 8 फरवरी 2024 में किये थे, लेकिन आज 8 माह बीतने के बाद भी कार्यवाही नही की गई है। पार्षदों द्वारा की गई शिकायत में नगर पंचायत के इंजीनियर एवं सीएमओ नगर में क्वार्टर होने के बावजूद मुख्यालय में नही रहते, नगर पंचायत के परिषद में विरोध के बावजूद शासकीय जमीन की बिक्री का प्रस्ताव अपने लोगों को फायदा देने के लिए लाया गया था। बिना हस्तरान्तर के स्कूल की जमीन पर पौनी पसारी सेट बनाया गया है, प्राथमिक शाला के पास मांस मछली दुकान लगाया जा रहा है, बिना सीमांकन के जनपद की जमीन वार्ड 4 में गार्डन बनाया गया है, बिना लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग की अनुमति के करोड़ो रूपये का मंगल भवन बनाया गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना में बिना पैसे लिए हितग्राहियों को किश्त नही दिया जाता, चोखडिया तालाब, टार तालाब, उजुरवा तालाब निर्माण में सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब से मुरुम एवं मिट्टी निकाल कर बेचा गया है, करोड़ों रूपये का रोड के ऊपर सीमेंटीकरण किया गया है जिसकी जरूरत नही थी जिसमें जमकर भ्रष्टाचार किया गया है, निर्माण कार्य में अधिक कमीशन देने वाले बाहर के ठेकेदार को काम दिया गया है, शासन की गौठान योजना में बिना पानी, चारा के व्यवस्था के चलाया गया है, गोबर खरीदी में जमकर भ्रटाचार कर बीना मूल्यांकन के खरीदी की गई है, जिसमें अधिकारी की भूमिका संदेहास्पद लग रहा है। इन बातों को लेकर धमधा नगर के पार्षद आरुणी दानी, भूषण ढीमर, प्रतिमा यादव, शशि यादव, चेतन सोनकर, चनद्रिका भट्ट, संदीप टोड्रे एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने 8 माह पूर्व शिकायत किये थे लेकिन मामले में आज तक कोई जांच एवं कार्यवाही नही की गई है। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि अधिकारी आज भी कांग्रेस से मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर अधिकारी इस मामले में जल्द कार्यवाही नही करेंगे तो उग्र आंदोलन करेंगे।

■ जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**कार्यालय-जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, सागर (म.प्र.)**
**(वाद के निपटारे के लिए समंस)**

प्रकरण क्रमांक 553/2022

श्रीमति शबाहत अमरीन आयु 37 वर्ष पत्नि स्व. श्री जावेद अहमद पुत्री श्री मोहम्मद निशार, निवासी गुजराती बाजार, सागर तहसील व जिला-सागर (म.प्र.) मो.नं.-9827007273

//विरुद्ध //

1.SAHARACEEDIT COOPRATIVE SOCITY LTD. Regd. Office-SAHARA INDIA BHAWAN 1 KAPOORTHALA COMPLEX ALIGANJ LUCKNOW 226024 द्वारा-निर्देशक / संचालक एवंएक अन्य

प्रेषिती :- विपक्षी

2.SAHARA INDIA PARIWAR NEAR SHARDA VIDYALA VAISHALI NAGAR BHILAI C.G. द्वारा शाखा प्रबंधक

श्रीमति शबाहत अमरीन आयु 37 वर्ष पत्नि स्व० श्री जावेद अहमद, पुत्री श्री मोहम्मद निशार, निवासी गुजराती बाजार, सागर तहसील व जिला सागर (म०प्र०) मो०न०-9827007273 ने आपके विरुद्ध एक वाद संस्थित किया है। अतः आपको इस आयोग के समक्ष दिनांक 03.12.2024 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समंस दिया जाता है। आप आयोग में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। फोरम में आपको उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया जाता है, वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार करना चाहिए, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताइ तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक. 04.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सागर
दिनांक
04.10.2024

(राजेश कुमार कोष्टा)
अध्यक्ष,
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग सागर (म०प्र०)




**बिजनेस साइट**

## कमला मोटर्स में कंबाइन मशीन की डिलीवरी



**भिलाई।** नवरात्रि का छठवा दिवस जो कि माता कात्यायनी देवी का दिवस कहलाता है। माता कात्यायनी देवी का जन्म ऋषि कात्यायन के घर हुआ था। माता कात्यायनी की पूजा आराधना करने से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है एवं रोग, शोक, संताप और भय से मुक्ति मिलती है। ऐसे शुभ दिवस परसरोधी कबीरधाम के कृषक केशव राम पोर्ते ने जीविकोपार्जन के लिए मेघराज गोयल एंड कंपनी बरनाला पंजाब स्थित औद्योगिकी के द्वारा निर्मित सेल्फप्रापोल्ड मिनी कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन विकास 3150 जो कि दिखने में ट्रैक्टर चलित है लेकिन किर्लोस्कर के इंजन को ही सीधा इस्तेमाल कर कम कीमत में साफ दाना प्रदान करने वाली बहुफसलीय यंत्र का निर्माण कर लघु कृषकों को स्वावलंबी बनाने में मेघराज गोयल एंड कंपनी 'मील का पत्थर' साबित हुई है। आज इस महंगाई के दौर में कम कीमत में कम ईंधन की खपत में श्रेष्ठ यंत्र का निर्माण कर देश के कृषकों को आर्थिक समृद्धि की ओर ले जाने का अनुकरणीय कार्य कर रही है। यंत्र की डिलेवरी प्रदान करते हुए शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सागर ऑटोमोबाइल्स के संचालक अश्वनी साहू एवं यंत्र की डिलेवरी लेते हुए केशव राम पोर्ते, धूलेश्वर धुर्वे, हेमंत पटेल, अहमद रब्बानी एवं कमल मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक हेमचंद गुप्ता, मैकेनिक किशोर निषाद एवं बरमेचा एलिवेटर्स के निरीक्षक अजय चौधरी, कनिष्ठ अभियंता अमर यादव आदि साथी गण उपस्थित थे। विकास 3150 सेल्फ कंबाइन मशीन जब खेतों में लहराते हुए फसलों को अपने दामन में इकट्ठा करती है तत्पश्चात अपने ऑर्गन के द्वारा दानों को ट्राली में स्थानांतरित करती है तब ऐसा दृश्य देखने से अनायास ही मानव मात्र का मन प्रफुल्लित होकर श्रृंगार रस से भर जाता है।

**हुमेश राज्य एटीएल प्रदर्शनी में रहे तृतीयः** जामगांव आर। स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर के छात्र हुमेश ने राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग लेब मॉडल प्रदर्शनी में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00008 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425430300700003

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी श्यामलाल पिता/पति-चनकु पता-सा.-उरला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 263/2(0.0200), 875/2 (1.4050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राधा बाई साहू पिता/पति-श्याम लाल साहू पता-उरला खोमेश साहू पिता/पति-श्याम लाल साहू पता-उरला सोनेश साहू पिता/पति-श्याम लाल साहू पता-उरला के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/सस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
भिलाई-3, जि-दुर्ग (छ.ग.)

## कोड़िया में चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

**अंडा।** नशा मुक्त भारत अभियान व मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थ तथा नशीली दवाओं के रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया में मद्य निषेध सप्ताह के तहत रैली ,मानव श्रृंखला, नशा पान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ, व्याख्यान, चित्रकला ,गीत, नशा मुक्ति स्लोगन, इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण तथा सोशल मीडिया माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। शाला के प्राचार्य नीलमणि उजवने द्वारा भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉ रूपमती साहू, दानेश्वरी सिन्हा, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू, डॉ सरोज साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार आदि उपस्थित थे।




## ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्र./ ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन नम्बर 202410100400131/अ-2 सन 2024-2025
पक्षकार का नाम सत्यम सोनी

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सत्यम सोनी आ०/पति अशोक कुमार सोनी निवासी खोपली द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 को धारा 172 सहपठित, धारा 59 (2) (5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

**"अनुसूची"**

ग्राम / प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है ग्राम खोपली प०रु0नं0 43 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा नम्बर-500/39, रकबा (क्षेत्रफल)-हेक्टेयर-0.0232, वर्गफीट-2500, प्रयोजन-आवासीय प्रयोजन, अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा !

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07 October, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# ठंड में मैत्रीबाग की बढ़ेगी रौनक, पर्यटकों के लिए संवर रहा चिड़ियाघर

## लोगों के आकर्षण को केंद्र म्युजिकल फाउंटेन जल्द होगा शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ठंड के मौसम में मैत्रीबाग जू में पर्यटकों की रौनक बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए प्रबंधन ने तैयारी शुरु कर दी है। साफ सफाई के साथ मनोरंजन के संसाधनों को भी अपडेट किया जा रहा है। इनके अलावा मौसमी फूलों के उद्यानों की भी संवारा जा रहा है। मैत्रीबाग में सबसे अधिक सैलानी सर्दी के मौसम में ही आते हैं।

चार महीने के बरसात के मौसम के दौरान मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद कम रही। सामान्य दिनों के बजाए बारिश में इनकी संख्या ही रहती है। इस साल वर्षा अधिक होने के कारण भी लोग कम आए। अब ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है। इसे देखते हुए जू प्रबंधन ने ठंडी में पर्यटकों की बढ़ने वाली आमद को देखते हुए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। बारिश के दौरान फेले मानसूनी खरपतवारों आदि की सफाई और झाड़ियों की कटाई की जा रही है। झील, प्रगति मीनार के आसपास और कैंटीन के इर्द गिर्द आदि में सफाई की जा रही है। वन्य प्राणियों के कैज और एनक्लोजर को भी अधिक नीट एंड क्लीन किया जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को भी जल्द रिपेयर किए जाने की तैयारी है। पच्चीस साल पुराना यह आकर्षक फाउंटेन पिछले कुछ साल से बिगड़ा पड़ा है। म्यूजिकल फाउंटेन देखने दूर दूर से लोग आते थे। इसके चालू हो जाने से पर्यटकों के मनोरंजन के साथ मैत्रीबाग का राजस्व भी बढ़ेगा। इसी तरह बच्चों की रेलगाड़ी भी बिगड़ी पड़ी है । पर्यटकों ने बताया कि बच्चों के सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बेबी ट्रेन के चालू हो जाने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी।





### ठंडी में बाहर से आते हैं स्कूली बच्चे

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जानवरों और परिंदे पर्यटकों बच्चों के पसंदीदा होने के साथ इनका जू एजुकेशन की दृष्टि से भी खासा महत्व है। हर साल मैत्रीबाग आने वाले लाखों बच्चे जू में वन्य प्राणियों की जीवन शैली से रुबर होन के साथ उद्यानिकी विभाग द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जू एजूकेशन के प्रति जागरुक करता है। ठंडी के मौसम में भिलाई दुर्ग और आसपास के गांवों के अलावा विभिन्न शहरों व कस्बों से भी स्कूली बच्चों की टीम भ्रमण के लिए आती है।

## खबर संक्षेप

### शिकायत के बाद भी समूह को भुगतान

**भिलाई।** संतोषीपारा वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद एन शैलेजा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि उर्मिला संगवारी महिला स्व सहायता समूह, बैकुंठ नगर केम्प 2 सामुदायिक शौचालय की सफाई का कार्य टेंडर प्राप्त हुआ है। किन्तु



उक्त ठेकेदार के द्वारा उक्त शौचालय का किसी प्रकार से गुणवत्ता पूर्ण साफ-सफाई नहीं किया जाता है। जिसके संबंध में मेरे द्वारा समक्ष एवं आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के समक्ष अनेक बार आवेदन व शिकायत की गई। सामुदायिक शौचालय की जांच कराकर भुगतान करने हेतु आवेदन दिया गया था।उसके बाद भी नगर पालिक निगम के द्वारा इस समूह को भुगतान कर दिया गया है। पार्षद शैलेजा का कहना है कि यह लापरवाही है और आशंका है कि उक्त समूह के संलक के द्वारा निगम के अधिकारी को कुछ राशि दिया गया है। जिससे मेरे आवेदन को अनदेखा करते हुये उन्हे भुगतान कर दिया गया। समूह को हुए भुगतान की उचित जांच कराने व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### दिवाली के लिए शहर को करें कचरामुक्त

**भिलाई ।** जन जागरण फोरम ने दिवाली के पूर्व शहर में जमीनी स्तर पर सफाई अभियान चलाने की मांग नगर निगम से की है। फोरम सह सचिव सुदेश चंद्राकर ने बताया कि त्योहार के समय भी निगम क्षेत्र यानी पटरीपार और टाउनशिप गंदगी से पटा पड़ा है। राधिकानगर से खुर्सीपार तक नालियां और सड़को चौराहों पर भारी अस्वस्छता है। बीएसपी के क्षेत्र टाउनशिप में भी कचरा यहां वहां फैला हुआ है। नियमित सफाई नहीं हो रही है। गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान चलाया गया लेकिन इसके बाद भी पूरे शहर में भारी गंदगी है। त्योहार को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को पूरी तरह कचरामुक्त किए जाने की जरुरत है, ताकि लोग स्वच्छ वातावरण में दिवाली दशहरा मना सकें।

### सफाई मित्रों के साथ अफसरों ने की सफाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इसका समापन गांधी जयंती को बुधवार को सफाई मित्रों के साथ प्रतीकात्मक सफाई के साथ हुआ।

## केंद्रीय यूनियनों ने सेलव्यापी आंदोलन का लिया निर्णय

# बोनस पर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय से कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय और कर्मचारियों की लंबित अहम समस्याओं पर उच्च प्रबंधन की उदासीनता से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सभी केंद्रीय यूनियनों द्वारा अब तीन चरणों के तहत सेल व्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) की सभी यूनिटों में धरना दिया जाएगा। इसके बाद सीधे हड़ताल की जाएगी। हड़ताल को सफल बनाने यूनियनों द्वारा कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस साल कम सालाना बोनस भुगतान किए जाने से बीएसपी सहित समूचे सेल कर्मियों में मायूसी है। सेल प्रबंधन द्वारा एततरफा निर्णय लेते हुए मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए बोनस निर्धारित कर सभी यूनिटों में कर्मचारियों के खाते में डाल दी गई है। त्योहार होने के कारण कई कर्मचारी राशि का निकालकर खर्च भी कर रहे हैं। बिना एनजेसीएस यूनियनों की सहमति के प्रबंधन के इस बोनस खाते में डालने के कदम और अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण करने, 39 महीने के लंबित एरियर्स, ठेका मजदूरों का वेतन समझौता व बोनस की मांग व आरआईएनएल सहित इस्पात उद्योगों के निजीकरण के खिलाफ से नाराज यूनियनों ने एकजुटता से विरोध तेज करने का निर्णय लिया है। बुधवार 9 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की हुई आनलाइन बैठक में इन मांगों को लेकर 14 अक्टूबर को बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में धरना दिए जाने और इसके बाद 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया गया । इसके पूर्व पांच अक्टूबर को प्रदर्शन किया गया था। यहां मुर्गा चौक पर संयुक्त यूनियन व लोकर यूनियनों ने प्रदर्शन किया था।

एनजेसीएस यूनियनों की हुई आनलाइन बैठक



### संयुक्त यूनियन की बैठक में तैयारी पर चर्चा

बुधवार को केंद्रीय यूनियनों की बैठक के बाद भिलाई में शाम को संयुक्त यूनियन के नेताओं की हुई बैठक में कर्मियों की मांगों को लेकर प्रबंधन की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए धरने व हड़ताल को बीएसपी में सफल बनाने के लिए रणनीति व तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस व बीएमएस के नेता शामिल थे। स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष एसपी ने कहा कि सेल प्रबंधन के बोनस को लेकर एकतरफा निर्णय, अपूर्ण वेतन समझौता का जल्द पूरा करने, 29 माह के लंबित एरियर्स भुगतान, ठेका मजदूरों का वेतन समझौता करने व बोनस तय करन व आरआईएनएल का निजीकरण न करने के खिलाफ धरने व हड़ताल पर चर्चा की गई। बोनस फार्मला आप्रासंगिक हो चुका है। स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष एसपी डे ने कहा कि सेलव्यापी आंदोलन के तहत भिलाई में भी 14 अक्टूबर को धरना देकर प्रबंधन को 28 अक्टूबर को बीएसपी हड़ताल के आह्वान का नोटिस दिया जाएगा।

### एकतरफा बोनस व लंबित एरियर्स के लिए दबाव

गौरतलब हो कि एक अक्टूबर को दिल्ली में बोनस को लेकर हुई एनजेसीएस की बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई थी। बैठक में यूनियनों ने एकस्वर में 40,500 बोनस की मांग की लेकिन प्रबंधन ने बोनस फार्मूला के अनुरुप मात्र 26,500 रुपए का आफर दिया, जिसे यूनियनों ने ठुकरा दिया था। 2 अक्टूबर को एनजेसीएस यूनियनों की बैठक में 40,500 बोनस को जायज मांग बताते हुए लंबित अपूर्ण वेतन समझौता व एरियर्स आदि मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया था। यूनियनों के मुताबिक इस दौरान प्रबंधन के सीधे कर्मियों के खाते में 26,500 बोनस की राशि डाले जाने का यूनियनों व कर्मियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। एनजेसीएस सदस्य व इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि बोनस व लंबित वेतन समझौता व एरियर्स को लेकर कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। मांगों को लेकर धरने व हड़ताल की जाएगी।

### सेल मे 28 अक्टूबर को होगा हड़ताल

अलग-अलग इकाइयों से यूनियन नेताओं के सुझाव को देखते हुए एवं झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण बोकारो में नवंबर में आचार संहिता लागू होने की संभावना व राउरकेला और सेलम स्टील प्लांट में नवंबर महीने में मान्यता के लिए होने वाले चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि दीपावली से पहले ही हड़ताल किया जाए । इस पर सभी यूनिट के नेताओं से राय ली गई । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 28 अक्टूबर को एक दिवसीय हड़ताल किया जाए। साथ ही 14 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना करने का निर्णय लिया गया।

मीटिंग में इंटक से डॉ जी संजीवा रेड्डी बीएन चौबे वंश बहादुर सिंह हरजीत सिंह पीके बेहरा रजत दिक्षित सीटू से तपन सेन ललित मोहन मिश्रा जगन्नाथ त्रिवेदी एटक से विद्यासागर गिरी रामाश्रय प्रसाद विनोद सोनी एचएमएस से संजय बढ़ावकर राजेंद्र सिंह प्रमोद मिश्रा बीएमएस से डीके पांडे रवि शंकर सिंह सहित माइंस के भी यूनियन नेता शामिल हुए।

# एसएमएस 2 में महिला श्रमिक जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ स्वास्थ्य सुरक्षा की दी जानकारी

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील जोन–2 के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 के सभागार में महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबंधक के भटनागर थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी श्री आर के ठाकुर सहित 25 महिला ठेका श्रमिक उपस्थित थी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को दोहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होता है। घर–परिवार के साथ–साथ कार्यस्थल के महत्वपूर्ण कायोंर् में भी उनकी जवाबदारी होती है। इन व्यस्तताओं के बीच महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं मिलने वाली सुविधाओं के बारे में यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी।

कार्यक्रम कंसलटेंट शुभश्री प्रशांनत ने महिला ठेका श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित जानकारी दी। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार शर्मा ने महिला श्रमिकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतन, बोनस, पीएफ, ईएसआईसी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाये जा रहे छात्रवृति योजना की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन श्री सिकंदर इंदोरिया ने किया।

## सेक्टर 7 तिराहे पर स्ट्रीट लाइट बंद

**भिलाई ।** टाउनशिप मे सेक्टर 7 होसन्ना चर्च क्रास स्ट्रीट तिराहे पर पिछले छह महीने से स्ट्रीट लाइट खराब होने से अंधेरा है। इससे रात में आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। वाहनचालकों को तिराह से गुजरने में दिक्कत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अंधरे से आवागमन में परेशानी के साथ छिनताई की भी आशंका बनी रहती है। बीएसपी द्वारा जल्द टिमटिमाते लाइट को बदलने की जरुरत है।

## नवाचारी शिक्षक सम्मान से नवाजे गए अजय



**भिलाई।** नावेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के द्वारा भिलाई तीन निवासी शिक्षक अजय पाठक को शिक्षक सशक्तिकरण एवं उन्मुखीकरण की ओर से उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम बालोद स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया था। समारोह में नवाचार के नेतृत्व हेतु शिक्षा में नवाचारः अवधारणा, क्रियान्वयन पर व्याख्यान शैक्षिक संगोष्ठी का भी आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि शिक्षण के वर्तमान स्वरूप में गुणात्मक परिवर्तन व नवीनता लाना आवश्यक है। नवाचार के माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार में नवीनता युक्त तथ्यों मान्यताओं और विचारों का बीजारोपण करके शिक्षक को नवीन प्रवृत्तियो की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरुण कुमार साहू ने कहा कि नवाचार शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। शैक्षिक नवाचार नये विचारों की खोज,संवाद और सार्थक दिशा में चिंतन का परिणाम है। समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी एस भारद्वाज बीआरसीसी जे मालेकर आदि भी मौजूद थे।

## बीएसपी अधिकारियों को दिवाली की दोहरी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ सेल ने किया पीआरपी की राशि का भुगताान

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों को त्योहार पर दोहरी खुशी मिली है। सेल प्रबंधन द्वारा अफसरों के लिए करोड़ों रुपए के पीआरपी राशि का भुगतान कर दिया गया है। इससे अधिकारियों में खुशी की लहर है। दुर्गा पूजा के दौरान और दिवाली के पूर्व बीएसपी अधिकारियों के लिए पीआरपी का भुगतान होने से खुशी का माहौल है। बीएसपी में करीब 20 करोड़ और पूरे सेल के लिए कुल पीआरपी की 80 करोड़ की राशि रिलीज हुई है। बीएसपी में ढाई हजार अधिकारियों को पीआरपी का लाभ हुआ है। अधिकारियों को 22 हजार से लेकर 1 लाख 60 हजार रुपए तक पीआरपी मिलेगा। ई- 2 ग्रेड के अधिकारियों को 22 हजार और इससे ऊपर के ग्रेड के अधिकारियों 50 हजार से डेढ़ लाख तक पीआरपी भुगतान हुआ है। उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों को दीवाली पर बोनस भुगतान होता है। इस साल कर्मियों को बोनस फार्मूला के अनुरुप 26 हजार 5 सौ बोनस मिला है। अधिकारी बोनस के दायरे में नहीं आते हैं। उन्हें पीआरपी मिलने से दिवाली की खुशी दोगुनी हो गई है।




## जर्जर हैं सड़कें, गड्ढों से हो रही परेशानी, जलभराव से व्यवसायी परेशान

# त्योहारी सीजन में उपेक्षा का दंश झेल रहा लक्ष्मीनगर मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

त्योहार के मौसम में जब शहर के बाजारों में रौनक आने वाली है, पटरीपार का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। नगर निगम और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह बाजार गंदगी और बदबू का पर्याय बनकर रह गया है। बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। इसका खामियाजा व्यवसायियों और खरीदारी करने आने वाले हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

सुपेला चौक से लगा लक्ष्मीनगर सब्जी मार्केट अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यह पावरहाउस सब्जी बाजार के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। रोज यहां पटरीपार के अलावा टाउनशिप के लोग भी सब्जी खरीदने आते हैं। रविवार को साप्ताहिक बाजार भी लगता है। लेकिन यहां वर्षों से काई की तरह



जमी बुनियासी समस्याओं के चलते व्यवसायियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम की अकर्मण्यता से यह मार्केट किसी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह नजर आता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़क,नाली, गंदगी, पेयजल, बिजली, प्रसाधन, आवारा मवेशियों और सूअरों का जमघट तथा दलदली और जलभराव जैसी समस्याओं से व्यवसायियों का व्यवसाय करना और ग्राहकों को खरीदारी करना मुश्किल हो रहा है। गौरतलब हो कि लक्ष्मीनगर मार्केट व आखेट मार्केट का निर्माण 1992 में साडा ( विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) द्वारा तत्कालीन साडा अध्यक्ष सत्यनाराण अग्रवाल के कार्यकाल में हुआ था। लेकिन नगर निगम के बनते ही इस मार्केट की बदहाली बढ़ने लगी। व्यवसायियों ने बताया कि शिकायत करते करते थक लेकिन मार्केट का संधारण व नियमित साफ सफाई नहीं की जा रही है। सड़के जर्जर व गड्ठों व बोल्डरों से भरी पड़ी है। पैदल चलते चप्पल टूट जाती है। बारिश में यह सड़क नाली बनी रही। सब्जियां तैरती रहती हैं। जगह जगह जलभराव की समस्या से आवाजाही व व्यवसाय करने में दिक्कतें बढ़ती हैं। नाली टूट चुकी है और जो है वह बजबजा रही है। यहां प्रसाधन भी अस्तित्व खो चुका है, जिससे लोगों को भटकना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने दुर्घटनाएं रोकने व आवाजाही में सुगमता के लिए सड़कों का कांक्रीटीकरण किए जाने की मांग की है। पेयजल की भारी समस्या होने से व्यवसायी अपने घर से पानी लेकर आते हैं।

### आवारा मवेशी चोटिल कर रहे

मार्केट में भारी गंदगी और बदबू से लोग मुंह व नाक पर रुमाल रखकर सब्जी खरीदते हैं। कई महिलाएं भी दलदली व गंदगी के पास बैठकर सब्जी बेचने मजबूर हैं। बाजार की कई दुकानें और गोदमा टूट चुके हैं। कई के शटर सड़ चुके हैं। अंदरुनी इलाके में भारी दलदली है। आवारा मवेशी व सूअर कीचड़ में लोटते रहते हैं। आवारा मवेशी कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं। पसरा दुकानों की सब्जियों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि यहां कभी भी नगर निगम का मवेशी पकड़ने वाली टीम नहीं आती है। नगर निगम प्रशासन व जन प्रतिनिधियों को इस बाजार के कायाकल्प के लिए अपनी सक्रियता और जागरुकता दिखाने की जरुरत है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है

सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते है...
दुर्ग - भिलाई शहर
वेतन - 12000 (बारह हजार)
स्वयं का वाहन - 12वीं से स्नातक
आनलाईन आवेदन करें।
cir.haribhoomi@gmail.com
आनलाईन करने की अंतिम तिथि - 08.10.2024 से 10.10.2024 तक
समय - शाम 6 बजे तक आवेदन करें।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



विंटर कलेक्शन की धूम

## लाइव इवेंट

### सेक्टर-7 राजयोग भवन में चैतन्य देवियों की झांकी, वीडियो के जरिये आध्यात्म का पाठ





**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी में अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करने वाला वीडियो दिखाया जा रहा है। इसमें बताया जा रहा है कि नवरात्रि पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि शिव की शक्तियों को जीवन में धारण कर वो शक्तियां हमारी मां बनकर पालन करती हैं। सर्व आसुरी वृत्तियों का नाश करने मां दुर्गा, ममता की मूर्त देवी वैष्णवी, हंसवाहिनी ज्ञान की देवी मां सरस्वती, नरमुंड माला धारण करने वाली मां काली, बुराई रूपी कीचड़ से न्यारा कमल आसान धारी महालक्ष्मी मां, मां संतोषी, माता उमादेवी के दर्शन हो रहे हैं।

अष्ट शक्तियां सभी में विद्यमान, जो मां बनकर पालना करती है अष्टभुजा धारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां (समाने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, समेटने की शक्ति,परखने की शक्ति, निर्णय लेने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति, विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति। आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, रिसाली मेयर शशि सिन्हा, केशव बंछोर, अर्चना झा, शिव राजन, बीएसपी अधिकारी अंजनि कुमार, राजेश पांडेय, पार्षद अभिषेक मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। चैतन्य झांकियों में नियमित रूप से कराए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास नजर आया। तन और मन की स्थिरता, एकाग्रता के कारण अचल और अडोल मूर्तियों के समान कन्याएं प्रतीत हो रही थीं।

## सिटी इवेंट


### 19वीं राष्ट्रीय और पहली विश्व गाइड जम्बूरी छत्तीसगढ़ में, आयोजन की तैयारी शुरू




**भिलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य परिषद की बैठक रायपुर में हुई। बैठक सांसद और अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 2025 में प्रस्तावित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं प्रथम विश्व गाइड जम्बूरी की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दुर्ग के स्काउट एवं गाइड्स के प्रमुख अधिकारी भी शामिल हुए। बहरहाल आयोजन स्थल का चयन नहीं हुआ है। इसे रायपुर, दुर्ग या भिलाई में आयोजित किए जाने की तैयारी की जा रही है। रायपुर में हुई बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ को बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य का विषय है। यह कार्य चुनौतिपूर्ण भी होगा। राज्य सरकार और राष्ट्रीय मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए दोनों आयोजन को लेकर किस तरह की व्यवस्थाएं करनी हैं। क्या- क्या संसाधन जुटाने हैं, इसे सूचीबद्ध करते हुए तैयारी की जाए। वित्तीय संसाधन को लेकर भी चर्चा की गई। अग्रवाल ने जिलों में स्काउट गाइड की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। ऊर्जावान एवं क्रियाशील टीम तैयार करने कहा। राज्य परिषद द्वारा राष्ट्रीय जम्बूरी एवं प्रथम विश्व गाइड जम्बूरी के आयोजन की मेजबानी के लिए सहमति देने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में इसकी जानकारी दी गई कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की नियम पुस्तिका अनुसार राज्य अध्यक्ष के पद पर नियुक्त व्यक्ति परिषद के कार्यकाल तक यथावत रहेंगे।

## सिटी इवेंट

### शेर पर सवार माता महिषासुर मर्दनी की बनाई सबसे छोटी मूर्ति



**भिलाई।** छोटी मूर्ति बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने इस नवरात्रि मां दुर्गा की दुनिया में सबसे छोटी मूर्ति बनाई है। 24 हाथों वाली शेर पर सवाल महिषासुर मर्दनी की यह प्रतिमा मात्र एक सेन्टीमीटर छोटी है, जिसे उंगली के नाखून पर रखकर फोटो लिया गया है। संगमरमर पत्थर को तराशकर बनाए गई इस सूक्ष्मतम कलाकृति में कलाकार ने दो राक्षस, एक भैंस, एक शेर तथा माता के हाथो में विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों को बड़े ही करीने से तराशा है। अंकुश को पहले ही लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड का अवार्ड प्राप्त है। इस दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा की प्रतिमा को बनाकर उन्होंने लोगो से अपील की है कि देश में पीने योग्य जल की निरंतर कमी को देखते हुए मूर्तियों को छोटा ही बनाएं और उसका विसर्जन समुद्र, नदी या तालाबों में न करें। उन्होंने राजहरा में छः मंजिली इमारत जितना विशाल कृष्ण-अर्जुन-भीष्म पितामह का रथ बनाया है। सिविक सेंटर भिलाई में कृष्ण-अर्जुन रथ, छोटा परिवार चौक, रूआबांधा का पंथी चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, भिलाई निवास का नटराज, सुनीति उद्यान सेक्टर 8 का एथिक्स पार्क, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक उनके द्वारा बनाई गई है।

● गरबा ही गरबा- दुर्ग-भिलाई में हर तरफ भक्त गरबा और डांडिया के बीच उत्साह और उमंग में सराबोर

# गरबा का उत्साह... ढोलिरा ढोल रे बजा...ढोल बाजे-ढोल बाजे... एक ही नारा एक ही नाम, जयश्री राम, जयश्री राम...

नवरात्र पर्व का उत्साह इस बार देखते ही बन रहा है, दुर्ग, भिलाई से लेकर ग्रामीण अंचल झांडिया, गरबा और अन्य छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत-संगीत के उत्साह और उमंग से सराबोर हैं। इस बीच दुर्ग के मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर में दो दिवसीय गरबा का आयोजन शुरू हुआ। आयोजन में महापौर धीरज बाकलीवाल, आईजी रामगोपाल गर्ग प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने सपरिवार गरबा नृत्य कर भक्ति की अभिव्यक्ति की। आईजी गर्ग ने साइबर क्राइम के लिए जागरूक रहने की अपील की।





### शहर में पहली बार ऐसा आयोजन, मिला निशुल्क प्रवेश

शहर में पहली बार ऐसा आयोजन देखने को मिमा। मिनी स्टेडियम में हर किसी के लिए प्रवेश निशुल्क था। इसके अलावा मंच से अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि आगामी वर्षों में भी इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। इस बार आयोजित गरबा में शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन में कई मशहूर हस्तियां शामिल हो रही हैं।

दुर्ग शहर में पहली बार दो दिवसीय गरबा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूरा शहर इस समय पद्मनाभपुर स्थित मिनी स्टेडियम पहुंच रहा है। जहां पहले दिन ही हजारों की संख्या में माता के श्रद्धालुओं ने गरबा किया। दुर्गा नव निर्माण समिति द्वारा गरबा का आयोजन किया गया है। युवक- युवतियां चनिया चोली, लहंगा-चुनरी से लेकर गुजराजी वेशभूषा में पहुंचकर गरबा का नृत्य किया।हर कोई गरबा की मस्ती में मस्त नजर आया। रॉक बैंड जबलपुर एवं आकर्षक लाइटें आकर्षण का केंद्र रही। रास गरबा के इस आयोजन में एसपी जितेंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर भार्गव, आयुक्त लोकेश चंद्राकर सपरिवार शामिल हुए। उनके अलावा छत्तीसगढ़ी फिल्मों की कलाकार आस्था शर्मा ने भक्तों को झूमने मजबूर किया। उन्होंने उत्साह और उमंग भरा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों नवरात्र और विजयादशमी पर्व की बधाई दी।





## बीएसएनएस चौक सेक्टर-2 में आकर्षक झांकी, मनुष्य की उत्पत्ति को दर्शाया

**भिलाई।** बीएसएनएल चौक सेक्टर-2 में हर बार की तरह इस बार भी दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन जहां गरबा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मनुष्य की उत्पत्ति से लेकर अब तक के कालखंड को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। माता की आकर्षक प्रतिमा और लाइटिंग भी लोगों को लुभा रही है। हर दिन हजारों की संख्या में माता के भक्त दर्शन के लिए दुर्गा पंडाल में पहुंच रहे हैं। आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का यह 25वां वर्ष हैं। पूर्व पार्षद और भाजपा नेत्री रश्मि सिंह ने बताया कि युवा टीम और वरिष्ठजनों के सहयोग से प्रतिवर्ष माता की आराधना का यह पर्व मनाया जा रहा है। समिति के सदस्यों में पराग द्विवेदी, श्यामा राव ने बताया कि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वालेंटियर्स के भी इंतजाम किए गए हैं। प्रतिदिन दुर्गा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विशेष रूप से गरबा और डांडिया का आयोजन हो रहा है।





## सरगुजा ने जशपुर को 158 रन के बड़े अंतर से हराया



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेक्टर-1 स्थित बीएसपी क्रिकट ग्राउंड में जशपुर और सरगुजा के मध्य मैच खेला गया। मैच में सरगुजा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 254 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर नगर की टीम महज 96 रनों में ढेर हो गई। इस प्रकार सरगुजा ने यह मैच 158 रन के एक बड़े अंतर से जीत लिया। सीएससीएस के तीन अन्य मैच प्रदेश के अन्य जगहों पर खेले गए। इसमें धमतरी में खेले गए मैच में रायपुर ब्लू की विजेता रही। रायपुर ब्लू ने यह मैच छह विकेट से जीता। बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए, जवाब में रायपुर ब्लू की टीम ने बड़ी आसानी से 135 रन बना लिए। कवर्धा में एक अन्य मैच कोरबा और जांजगीर चांपा के बीच खेला गया। कोरबा ने मैच तीन रन से जीत लिया। कोरबा 166 रन पर आउट हुई। वहीं जांजगीर चंपा 163 रन ही बना सकी। न्यू ग्राउंड कांकेर में नारायणपुर और कांकेर के बीच मैच खेला गया। नारायणपुर ने यह मैच 147 रन से जीता। नारायणपुर ने 7 विकेट पर 245 रन बनाए। जवाब में कांकेर 78 रन पर ही ढेर हो गई।

■ बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेला गया मैच

गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के आयोजन में आईजी रामगोपाल गर्ग ने साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक

कार्नर न्यूज

## माता के भजनों से गूंजा पुरानी गंजमंडी का दुर्गा पंडाल, अनुज शर्मा भी हुए शामिल



**दुर्ग।** पुरानी गंजमंडी में दुर्गोत्सव का यह 57वां वर्ष है। गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुपर स्टार पद्मश्री अनुज शर्मा पहुंचे। उन्हें देखकर पब्लिक झूम उठी। इस दौरान अनुज शर्मा ने अपने चुटीले अंदाज में दर्शकों को मनोरंजन किया। भक्ति गीतों से पूरा दुर्गा पंडाल गूंज उठा। अनुज शर्मा नाइट्स में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला, कांग्रेस नेता राजेन्द्र साहू, देवलाल ठाकुर, संतोष रुंगटा प्रमुख रूप से शामिल हुए। आईजी गर्ग ने इस दौरान लोगों को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर अवेयर किया। उन्होंने कहा कि अब साइबर फ्रॉड करने वालों की खैर नहीं है, वह कितना भी शातिर हो, पकड़ा जाएगा। बस हमें सावधानी बरतने की जरुरत है। ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को तुरंत दें। आयोजन में पायल जैन, कमलनारायण रूंगटा भी शामिल हुए। स्वागत भाषण विकेश मिश्रा ने आभार रवि पिडियार ने व्यक्त किया। अनुज शर्मा ने मंच में आते ही माता के भजनों से एवं जस गीत ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संजय रूंगटा, विनित जैन, किशोर जैन, शैलेश तिवारी, सतीश कश्यप, विवेक मिश्रा, मुकेश राठी सहित अन्य मौजूद थे।





## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर की टिकेश्वरी एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप खेलने जाएंगी ताइवान



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया द्वारा सीनियर महिला - पुरूष (23 वर्ष और 23 वर्ष से ऊपर) वर्ग की एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप, ताइवान (चीनी ताईपे) में भाग लेने 8 खिलाड़ियों और एक अधिकारी वाले 09 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल की घोषणा की गई। यह जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत ही गर्व की बात है कि भारतीय दल में चयनित 04 पुरुष और 04 महिला खिलाड़ियों में रायपुर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कु टिकेश्वरी साहू (-45किलो वजन वर्ग) छत्तीसगढ़ से एक मात्र चयनित खिलाड़ी हैं। ज्ञात हो कि कुमारी टिकेश्वरी साहू, रायपुर छ ग के सुप्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक सेंसेई अनीस मेमन (शहीद विनोद चौबे सम्मान, खेल विभाग छ ग शासन से सम्मानित) की शिष्या हैं। टिकेश्वरी साहू के पिता नहीं हैं, उनकी माता मजदूरी करती है तथा बीपीएल परिवार से है। क्रिकेट, मार्शल आर्ट्स सहित अनेक खेलों में कु टिकेश्वरी साहू की अत्यंत रुचि है। भारतीय म्यू थाई दल म्यू थाई फेडरेशन के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में 16 अक्टूबर को नई दिल्ली से ताइवान के लिए रवाना होगा। उल्लेखनीय हैं कि एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 23 अक्टूबर 2024 तक ताइवान (चीनी ताईपे) में किया जा रहा है।गौरतलब है कि अपने वजन वर्ग में पांच बार की राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स चैम्पियन कु टिकेश्वरी साहू पूर्व में भी तीन बार अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर भारत के लिए पदक जीत चुकी है।

### राज्य शालेय शतरंज स्पर्धा में रायपुर संभाग का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** राजनांदगांव के सेजेस स्कूल में आयोजित 24 वीं शालेय राज्य शतरंज चयन स्पर्धा में प्रदेश के सभी पांचों संभाग से 150 खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु समूहों की शतरंज शतरंज स्पर्धा में भाग लिया। अंडर - 17 व अंडर - 19 आयु समूह के बालक वर्ग के कोच हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे रायपुर संभाग से 30 खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी जिसमें से 9 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में तनिषा ड्रोलिया, शुभांकर बामलिया,आदिति आदित्य, अंशिका मिंज, आराध्य तिवारी अदम्य साहू, देवांस जैन, अहिलान रॉय,विवान रॉय का नाम शामिल है। हेमंत ने आगे बताया कि कि व्यक्तिगत खेल के अलावा टीम चैंपियनशिप में भी रायपुर संभाग का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बालिका अंडर-14 में तृतीय ,बालक वर्ग अंडर-14 में द्वितीय,बालिका अंडर-17 में तृतीय,बालक अंडर-17 में द्वितीय इसी तरह से बालिका अंडर-19 में द्वितीय व बालक अंडर-19 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रायपुर संभाग का मान खिलाड़ियों ने बनाया। इस राज्य चयन स्पर्धा में दुर्ग,रायपुर, बिलासपुर,सरगुजा व बस्तर संभाग से खिलाड़ियों ने शिरकत किया था। रायपुर संभाग की टीम के साथ बतौर कोच हेमंत खुटे,प्रदीप दक्षिणी, मैनेजर अखिलेश कर व दल प्रबंधक के रूप में पीताम्बर पटेल शामिल हुए थे।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन



**रायपुर।** जेआरदानी शासकीय कन्या शाला रायपुर के प्रांगण में 24 वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें रायपुर संभाग सबसे अधिक खेलों में विजयी होने के कारण जनरल चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग ने साफ्ट टेनिस रोलर स्केटिंग तीरंदाजी स्क्वैश में शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह की अध्यक्षता खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल सहायक संचालक अनिल मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी आईपी वर्मा मौजूद रहे।

---

मौसम के बदलाव के दौरान अपनी प्रतिरोधक क्षमता को रखें मजबूत

# ठंड आई नहीं और शुरू हो गई सर्दी-जुकाम की परेशानी, संक्रमण काल में करें खुद का बचाव

सर्दी-जुकाम हो या फ्लू की समस्या, सभी उम्र के लोगों में ये काफी आम है। बदलते मौसम में इसका खतरा और भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनमें इस तरह की समस्याओं का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इंफ्लूएंजा वायरस का संक्रमण सर्दी-जुकाम होने का सबसे आम कारण है, मौसम में बदलाव के साथ इस वायरस का प्रकोप बढ़ने लगता है। सितंबर-अक्तूबर के महीनों में आमतौर पर जब मौसम में परिवर्तन शुरू हो जाता है, तो सर्दी-जुकाम जैसे वायरल संक्रमण के मामले भी तेजी से बढ़ने लगते हैं। ये समय डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का भी होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दैनिक जीवन में कुछ बातों का ध्यान रखना, आहार में कुछ बदलाव आपको फ्लू के संक्रमण और सर्दी-जुकाम जैसे लक्षणों से बचाने में मददगार हो सकती हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।



### कमजोर इम्युनिटी वालों में जोखिम

डॉक्टर बताते हैं, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में फ्लू और सर्दी होने की अधिक आशंका हो सकती है। बार-बार संक्रमण होना, अक्सर बीमार रहना, घावों का जल्दी न भरना, थकान-कमजोरी बने रहना इस बात का संकेत है कि आपकी इम्युनिटी लो हो सकती है। इसे दुरुस्त करने के लिए उपाय करना जरूरी है। आइए जानते हैं कि वायरल संक्रमण या सर्दी-जुकाम होने पर क्या करने से आराम मिलता है और इससे बचाव के लिए क्या प्रयास किए जाने चाहिए



### शरीर को दें आराम

वायरल संक्रमण की स्थिति में शरीर को पर्याप्त आराम देना जरूरी हो जाता है। इसके लिए 7-8 घंटे की नींद लें। पर्याप्त आराम करने से शरीर को संक्रमण से लड़ने के लिए ऊर्जा मिलती है। नींद के दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है, जिससे लक्षणों में जल्द आराम होता है। वायरल बुखार में डॉक्टर की सलाह पर सिर्फ पैरासिटामोल टैबेलेट का ही सेवन करें।

### इम्युनिटी बढ़ाने के लिए करिए उपाय

दिनचर्या और आहार में कुछ बदलाव करके रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। हल्दी वाला दूध (गोल्डन मिल्क) पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। हल्दी में प्राकृतिक एंटीबायोटिक गुण होते हैं जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। इसके साथ हरी-सब्जियों-फलों, मसालों का सेवन करें। ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती हैं।

### तुलसी के पत्ते का काढ़ा

वायरल संक्रमण और सर्दी-जुकाम की समस्या में काढ़ा पीना सबसे फायदेमंद हो सकता है। तुलसी के पत्ते और काली मिर्च को उबालकर काढ़ा बनाएं। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है और सर्दी-जुकाम से लड़ने में मददगार है। इसके अलावा अदरक का रस निकालकर शहद में मिलाकर सेवन करने से गले की खराश और खांसी में आराम मिलता है। दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी, हर्बल टी, सूप और नींबू पानी पीते रहें।



---



## सप्ताह के सात दिनों पर अलग-अलग ग्रहों का होता है प्रभाव

ज्योतिष शास्त्र में सप्ताह के सातों दिनों के लिए अलग-अलग देवता बताए गए हैं। इन सात दिनों पर ग्रहों का अपना प्रभाव होता है। दिन के अनुसार इन देवताओं की पूजा करने सकारात्मक फल मिल सकते हैं। धर्मग्रंथों में सातों दिनों के हिसाब से देवताओं के पूजन का महत्व बताया है। रविवार को सूर्य, सोमवार को चंद्र, मंगलवार को मंगल, बुधवार को बुध, गुरुवार को बृहस्पति, शुक्रवार को शुक्र और शनिवार को शनि का पूजन करना श्रेष्ठ रहता है

### रविवार को सूर्य पूजा

सूर्य नारायण अपार शक्ति और तेज के देवता हैं।सूर्य से ही पृथ्वी पर जीवन है,प्रकाश है।हमारी आत्मा में जो प्रकाश है,वह भी सूर्य का ही प्रतिबिम्ब है। सूर्य भगवान की कृपा पाने के लिए हर रोज सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए। रविवार को तांबे के लोटे में जल भरें, पुष्प डालें और सूर्य को अर्पित करें।

### सोमवार को चंद्र की पूजा


भगवान शंकर की सोमवार की पूजा करने से सभी ग्रह शांत होते हैं तथा प्रसन्न होते हैं, लेकिन इसमें चंद्रमा प्रमुख होता है। चंद्र को भगवन शिव ने धारण भी किया है अतः इस कारण से शिव पूजा के साथ साथ चंद्रमा कि शुभता भी प्राप्त होती है जिससे व्यक्ति के जीवन में समृद्धि आती है।

### मंगलवार को मंगल की पूजा

मंगल दोष का प्रभाव कम करने के लिए मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से भी मांगलिक दोष कम होता है। मंगल के लिए मंगलवार को शिवलिंग पर लाल मसूर चढ़ाएं। मंगल की पूजा शिवलिंग रूप में ही होती है। मंगलवार को शिवलिंग पर लाल गुलाब चढ़ाएं।

### बुधवार को बुध की पूजा करें

वैदिक मान्यताओं के अनुसार श्री गणेश की पूजा का विशेष दिन बुधवार बताया गया है। इसके साथ इस दिन बुध ग्रह की प्रसन्नता के लिए भी पूजा की जाती है, क्योंकि बुधवार के स्वामी बुध ग्रह भी है। बुध और गणेश दोनों ही बुद्धि के कारक माने जाते हैं। अतः इस दिन बुद्धि के दाता श्री गणेश की मोदक का भोग लगाकर पूजा करने से ज्ञान का



वरदान प्राप्त होता है, और बुध ग्रह भी होता है शांत।बुध ग्रह के लिए हर बुधवार हरी मूंग का दान करें। गणेशजी को दूर्वा चढ़ाएं।

### गुरुवार को बृहस्पति की पूजा

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार गुरुवार का दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु की आराधना एवं व्रत करने से भगवान विष्णु जल्द ही प्रसन्न हो जाते हैं वहीं बृहस्पतिदेव की कृपा से आराधक के सारे कार्य सम्पन्न हो जाते हैं।देवगुरु बृहस्पति की पूजा भी शिवलिंग रूप में ही की जाती है। इसीलिए हर गुरुवार शिवलिंग पर चने की दाल और बेसन के लड्डू चढ़ाएं।

### शुक्रवार को करें शुक्र की पूजा

शुक्र ग्रह के मजबूत होने से भौतिक सुख, यश, धन और खुशहाल दांपत्य जीवन होता है। शुक्रवार के दिन भगवान शिव की पूजा करें। इस दिन सुबह जल्दी उठकर साफ कपड़े पहनकर भगवान शिव की पूजा करें और सफेद मिठाई और सफेद फूल चढ़ाएं। इस तरह शुक्र को भी शांत किया जा सकता है।

### शनिवार को शनि की पूजा

हर शनिवार ग्रहों के न्यायाधीश शनि की पूजा करें। शनि को तेल चढ़ाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। मान्यता है कि हनुमानजी की पूजा से भी शनिदेव प्रसन्न होते हैं।

---

## बच्चों के लिए बनाएं जायकेदार चिली गार्लिक पोटैटो,होंगे खुश



अगर आपके बच्चों को बाहर का खाने का शौक हो और वह आए दिन बाहर से खाना ऑर्डर करने की जिद्द करते हैं तो उनकी इस आदत को सुधारना होगा। आप बच्चों के लिए स्नैक्स में चिली गार्लिक पोटैटो बना सकते हैं। ये डिश स्वादिष्ट तो है ही हेल्दी भी है। इसमें लहसुन का इस्तेमाल होता है, जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाने का काम करता है। आलू में भी पोषण होता है। विटामिन बी 1, बी 3 और बी 6 और पोटैशियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम जैसे मिनरल आलू में पाए जाते है। अधिकतर बच्चों को चिली गार्लिक पोटैटो पसंद भी होता है। तो चलिए जानते हैं स्वादिष्ट और हेल्दी चिली गार्लिक पोटैटो बनाने की आसान रेसिपी।

चिली गार्लिक पोटैटो बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबाल कर छील लें। अब उबले हुए आलू को कद्दूकस कर लें या अच्छे से मैश कर लें। फिर आलू में कॉर्न फ्लोर, चिली फ्लेक्स, लहसुन का पेस्ट, नमक और हरा धनिया ये सभी सामग्री को एक साथ डालकर मिला लीजिए। जब आलू में सभी सामग्री अच्छे से मिल जाए तो इस मिश्रण के छोटे-छोटे बॉल्स बना लीजिए। आप चाहें तो कोई और आकार भी दे सकते हैं। अब एक पैन में तेल डाल कर मध्यम आंच में गर्म करने के लिए चढ़ाएं।इस तेल में आलू के मिश्रण वाली बॉल्स को डालकर अच्छे से डीप फ्राई करें, जब तक उसका रंग हल्का सुनहरा न हो जाए।

अगर आप ग्रेवी वाला चिली गार्लिक पोटैटो बनाना चाहते हैं तो एक कढ़ाई में एक चम्मच तेल गरम करके उसमें कटी हुई लहसुन, अदरक डाल प्याज और शिमला मिर्च डालकर भुन लीजिये। फिर हल्की चीनी, नमक और 1 चम्मच सोया सॉस, 1 चम्मच रेड चिली सॉस, 2 चम्मच केचअप डालकर दो मिनट पकाएं और फिर आधा कप पानी डालकर दो चम्मच अरारोट कड़ाई में घोल लीजिए। दो मिनट पकाने के बाद उसमें तले हुए आलू के टुकड़े डालकर अच्छे से मिला कर सर्व करें।

## व्रत में बनानी है खिली-खिली सी साबूदाना खिचड़ी तो ये विधि अपनाएं



नवरात्रि के नौ दिन हर किसी के लिए बेहद खास होते हैं। इन नौ दिनों में लोग माता रानी की पूजा-अर्चना करके उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। बहुत से लोग नवरात्रि में माता रानी के मंदिर जाते हैं और उन्हें भोग लगाते हैं। इसके साथ ही बहुत से लोग नवरात्रि के नौ दिन व्रत रखते हैं।

साबूदाना खिचड़ी एक लोकप्रिय भारतीय व्यंजन है, जो विशेष रूप से व्रत या उपवास के समय खाई जाती है। यह साबूदाना, मूंगफली, आलू और मसालों का उपयोग करके बनाई जाती है। इसे बनाने का तरीका सरल है और इसमें कम समय लगता है। तो चलिए आपको भी इसे तैयार करने की विधि बताते हैं।

### खिचड़ी बनाने की विधि

साबूदाना की खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले साबूदाने को अच्छी तरह से पानी से धो लें।अब इसे 4-5 घंटे के लिए भिगो दें। पानी इतना होना चाहिए कि साबूदाना उसमें अच्छी तरह से डूब जाए।

सही से साबूदाना फूलने के बाद अब आपको एक कड़ाही में घी गर्म करना है। घी गर्म होने के बाद इसमें जीरा डालें। जब जीरा चटकने लगे, तो इसमें कटी हुई हरी मिर्च और उबले हुए आलू डालें और हल्का सुनहरा होने तक भूनें। इसके बाद इसमें साबूदाना डालें और सेंधा नमक डालकर अच्छी मसाला तैयार करें। इस साबूदाना को अब 5 से 8 मिनट तक पकने दें। थोड़ी देर के बाद ये पारदर्शी हो जाएगा।

आखिर में इसमें भुनी हुई मूंगफली का पाउडर और नींबू का रस डालें, और इसे अच्छी तरह मिलाकर 2-3 मिनट और पकाएं। ऊपर से धनिया पत्ती डालकर आप इसे दही या फलाहारी हरी चटनी के साथ खा सकते हैं।

---

कार्नर न्यूज

बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य विकार नौजवानों के लिए खतरे की घंटी

# मन को रखना है स्वस्थ और शांत तो तुरंत छोड़ दें ये आदतें, कम होगा तनाव

मानसिक स्वास्थ्य विकारों के मामले वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन विकारों को सिर्फ मन की बीमारी तक ही सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए, अगर इनपर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं के भी विकसित होने का जोखिम रहता है। जब बात मानसिक स्वास्थ्य की होती है तो इसमें भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्थितियां भी शामिल होती हैं। हम कैसे सोचते हैं, महसूस करते हैं, कार्य करते हैं, किन चीजों का चुनाव करते हैं और दूसरों से कैसे संबंध रखते हैं, ये सभी मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करता है।



### जंक-फास्ट फूड्स भी नुकसानदायक

जंक-फास्ट फूड्स के सेवन को वजन बढ़ाने वाला और शुगर के स्तर को प्रभावित करने वाला माना जाता रहा है, पर क्या आप जानते हैं कि इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है? चीनी और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ पूरे शरीर और मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकते हैं, जो चिंता और अवसाद सहित मूड विकारों को बढ़ाने का कारण है। आहार में इस तरह की चीजों की मात्रा को कम किया जाना चाहिए। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि नींद की कमी भी मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है। नींद की कमी मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की गतिविधि बदल सकती है। यदि आप कम नींद लेते हैं, तो ये आपके निर्णय लेने, समस्याओं को सुलझाने, अपनी भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित करने की स्थिति में बदलाव का भी कारण बन सकती है। सभी लोगों के लिए रोजाना रात में कम से कम 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है।



वैश्विक स्तर पर बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और मन को स्वस्थ रखने वाले उपायों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मन को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए इससे ज्यादा जरूरी है उन चीजों के बारे में जानना जो मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए किन चीजों से दूरी बनाना जरूरी है? मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण गुड हार्मोन सेरोटोनिन का रिलीज कम हो जाता है, जो सीधे तौर पर मूड को ठीक रखने के लिए आवश्यक है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बेटर मैन' का ट्रेलर जारी, फिल्म में सीजीआई बंदर के रूप में दिखे रॉबी

रॉबी विलियम्स के प्रशंसकों को इतिहास की सबसे अजीबोगरीब बायोपिक में से एक की पहली झलक देखने को मिली है। बेटर मैन फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है।



स्टोक पॉप गायक की प्रसिद्धि की कहानी को फिर से दिखाया गया है, जिसमें उनका किरदार एक सीजीआई बंदर द्वारा निभाया गया है। ब्रिटेन में बॉक्सिंग डे पर रिलीज होने वाली फिल्म बेटर मैन का निर्देशन माइकल ग्रेसी ने किया है, जिन्होंने द ग्रेटेस्ट शोमैन का निर्देशन किया था और इसे 435 मिलियन डॉलर की कमाई वाली पॉप चार्ट में शीर्ष पर पहुंचने वाली हिट फिल्म बनाया था। यह फिल्म विलियम्स पर आधारित है, जो एक झगड़ालू बचपन से लेकर टेक दैट के साथ बॉय-बैंड की सफलता और फिर एकल सुपरस्टार बनने तक की यात्रा करता है। उनके 12 स्टूडियो एल्बमों में से 11 यूके चार्ट में शीर्ष पर रहे और उन्होंने 13 के साथ सबसे अधिक ब्रिट पुरस्कारों का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान फिल्म में कथित तौर पर उनके पशु पक्ष को दर्शाने से परहेज नहीं किया गया है, जिसमें नशीली दवाओं की समस्या शामिल है। बेटर मैन का टीजर ट्रेलर मंगलवार को आया, जिसमें फिल्म को विलियम्स के जीवन और करियर के पीछे की सच्ची कहानी के रूप में पेश किया गया है। ट्रेलर में वॉयस ओवर के जरिए कहा गया, 'मैं रॉबी विलियम्स हूं। मैं दुनिया के सबसे बड़े पॉप सितारों में से एक हूं, लेकिन मैंने हमेशा खुद को थोड़ा कम विकसित देखा है। बंदर को मुख्यत अभिनेता जोनो डेविस ने आवाज दी है और मोशन कैप्चर भी किया है, जबकि विलियम्स ने गायन में योगदान दिया है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने एक सारांश में कहा, 'बेटर मैन' ब्रिटिश पॉप सुपरस्टार रॉबी विलियम्स के जबरदस्त उत्थान, पतन और पुनरुत्थान की सच्ची कहानी पर आधारित है। रॉबी विलियम्स अब तक के सबसे महान मनोरंजनकर्ताओं में से एक हैं।

### टॉलीवुड

## विजय सेतुपति की मूक फिल्म 'गांधी टॉक्स' का बीटीएस वीडियो जारी

विजय सेतुपति अपनी अगली मूक फिल्म 'गांधी टॉक्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसे 54वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था।



फिल्म में अदिति राव हैदरी, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। गांधी जयंती के मौके पर मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक खास अपडेट जारी किया है। जिसमें निर्माताओं ने एक विशेष बीटीएस वीडियो जारी किया। इसमें फिल्म के निर्माण, अभिनेताओं द्वारा फिल्म के अलग-अलग भाग की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के अन्य पहलुओं को दिखाया गया है। अंत में, हम एआर रहमान को गाने के लिए संगीत बनाते हुए देखते हैं। एक मूक डार्क कॉमेडी फिल्म के रूप में प्रस्तुत 'गांधी टॉक्स' तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। 'गांधी टॉक्स' की रिलीज डेट की घोषणा अभी तक निर्माताओं द्वारा नहीं की गई है। हालांकि, टीजर के अनुसार ऐसा लग रहा है कि टीम जल्द ही तारीख की घोषणा करेगी। 'गांधी टॉक्स' का निर्देशन किशोर पी बेलेकर द्वारा किया गया है और यह जी स्टूडियोज, क्यूरीयस और मूवीमिल द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है जिसके संपादक आशीष म्हात्रे हैं। करण बी रावत ने कैमरा क्रैंक किया है। मणिरत्नम की 'चेक्का चिवंता वनम' के बाद यह दूसरी बार है जब अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और विजय सेतुपति एक साथ आए हैं। 'गांधी टॉक्स' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस बीच, विजय को आखिरी बार निथिलन समीनाथन द्वारा निर्देशित 'महाराजा' में देखा गया था।

### भोजपुरी

## रितेश का 'मईया के पचरा' हुआ रिलीज, देवी गीत सुन भक्ति में डूबे

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार रितेश पांडेय ने शारदीय नवरात्र के मौके पर अपने पारंपरिक देवी गीत 'मईया के पचरा' को रिलीज कर दिया है। ये देवी गीत रिलीज होते ही दर्शकों



के बीच छा गया है। ये सॉन्ग मार्श मेलोडी भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है और भक्तिमय माहौल में इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस देवी गीत को लेकर रितेश पांडेय ने कहा, ₹मईया के पचरा₹ मेरे दिल के बहुत करीब है। शारदीय नवरात्र का समय भक्तिमय ऊर्जा से भरा होता है, और इस गीत के जरिए मैंने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने की कोशिश की है। ये गीत हर उस भक्त के लिए है जो मां के चरणों में अपना समर्पण अर्पित करता है। मुझे उम्मीद है कि यह गीत श्रोताओं के दिलों में बसेगा और उनकी आस्था को और मजबूत करेगा।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मैंने और शिल्पी राज ने इस गीत को पूरी भावना और समर्पण के साथ गाया है, और मुझे खुशी है कि इसे लोगों का इतना प्यार मिल रहा है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर यह गीत भक्तों को मां की कृपा का अहसास कराएगा।₹ बता दें कि इस गीत को रितेश पांडेय और मशहूर गायिका शिल्पी राज ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि इस अद्भुत गीत के बोल आर आर पंकज ने लिखे हैं। संगीतकार भगवान जी के निर्देशन में इस गीत को एक अद्वितीय पारंपरिक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।




पेरिस में अपने हाउते कॉउचर फॉल/विंटर कलेक्शन शो के हिस्से के रूप में डिज़ाइनर एली साब की कृतियाँ चर्चा में रही। यहां डिजाइनरों, प्रमुख फैशन हाउस और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया, जिसमें रंग, प्रिंट और आश्चर्यजनक रूप से अद्वितीय शिल्प कौशल की झलक देखने को मिली। पेरिस हाउते कॉउचर फैशन वीक असाधारण फैशन शिल्प कौशल से चौंकाता है।

## नेल एक्सटेंशन हटाने के बाद नाखूनों को ऐसे बनाएं



नाखूनों को मजबूती देने के लिए सही तरीके से इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। वहीं अक्सर नेल एक्सटेंशन का चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन ये नेल एक्सटेंशन्स नाखूनों को कमजोर बना सकते हैं और इनकी इनकी चमक को भी फीका कर देते हैं। नाखूनों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले नेल एक्सटेंशन को हटा दें। इसके बाद आप सबसे पहले अपने हाथों को एक बाउल गुनगुने पानी में डूबोकर रखें।

करीब 5 से 10 मिनट तक नाखूनों को डिबोकर रखें और इसके बाद एलोवेरा के पौधे से पत्तियां तोड़कर और उन्हें छीलकर जेल से मसाज करें। इस तरह आप 10 मिनट तक हाथों की उंगलियों और नाखून पर एलोवरा जेल का इस्तेमाल करें।

अब गुनगुने पानी में एलोवेरा जेल, 2 चम्मच नारियल का तेल और 1 विटामिन-ई की कैप्सूल को काटकर डालें। इन तीनों को अच्छी तरीके से मिक्स करने के बाद अपने हाथों को उसी पानी में डूबोकर कर रखें। करीब 10 मिनट के बाद हाथों को तौलिए की मदद से साफ करके क्यूटीक्लस को काट लें और नेल्स को शेप दें। इसके बाद आप नाखूनों पर ट्रांसपेरेंट नेल पेंट लगा लें। आखिर में अगर आपके हाथ ड्राई महसूस कर रहे हो तो आप नारियल के तेल की मदद लेकर अपने हाथों और नाखूनों पर मसाज भी कर सकती हैं।

## अक्टूबर से है खादी का अटूट संबंध, आप भी अपनाइए




खादी सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतीक नहीं है बल्कि इसने स्वतंत्र भारत में फैशन के तौर पर अपनी अलग जगह बनाई है। आप चाहें तो खादी को आजमा सकती हैं। वैसे भी अक्टूबर माह में गांधी जयंती के मौके पर खादी सप्ताह या कहीं कहीं खादी माह का आयोजन होता है। इस महीने की शुरूआत जहां हम बापू को याद करते हैं, वहीं महीने के आखिर में लौह पुरुष सरदार पटेल और लौह महिला इंदिरा गांधी की याद के दिन रहते हैं। इन सभी हस्तियों का खादी से गहरा नाता रहा है। इस महीने में रियायती दर पर अपनी पसंद की खादी ले सकते हैं।



### खरीदे कुछ अलग रंग

लोगों को लगता है कि खादी के कपड़े सिर्फ हल्के रंगों में ही मिलते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। आपको बाजार में हर रंग में खादी के कपड़े उपलब्ध हो जाएंगे। अलग-अलग रंगों के कपड़े आपको बेहद क्लासी लुक देंगे।

### स्टाइल को दें प्राथमिकता

ऐसा नहीं है कि खादी के फैब्रिक में आपको सिर्फ एथनिक वियर ही मिले। आज के समय में आपको खादी से बने एथनिक के अलावा कैजुअल और इंडो वेस्टर्न कपड़े भी मिल जाएंगे। बाजार में आपको खादी के लहंगे से लेकर शेरवानी तक मिल जाएंगे।

### एक्सेसरीज का रखें ध्यान

खादी के कपड़ों के सआथ ज्वेलरी थोड़ी हल्की ही कैरी करें। अगर आप ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करेंगी तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि अपने आउटफिट के हिसाब से ही एक्सेसरीज करें।

### मेकअप का रखें खास ध्यान

खादी के आउटफिट के साथ मेकअप करते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा डार्क मेकअप करेंगी तो ये आपके लुक को खराब कर देगा। इसके साथ न्यूड मेकअप बेहद कमाल का लगेगा।

### फुटवियर

अगर आप खादी के आउटफिट के साथ फ्लैट स्लीपर या मोजरी पहनेंगी तो ये आपके लुक में चार चांद लगा देगा।

## प्री वेडिंग फोटोशूट में दिखना है खूबसूरत, तो ट्राई करें ये वेस्टर्न

प्री वेडिंग फोटोशूट हर कोई करना पसंद करता है। ऐसे में आप अपनी मनपसंद डेस्टिनेशन और आउटफिट को स्टाइल करके शूट करा सकती हैं।आजकल हर चीज का ट्रेंड बदल गया है। अब लोग पहले की तरह सिर्फ सीधा शादी नहीं करते हैं, बल्कि प्री वेडिंग फोटोशूट कराते हैं। ऐसा इसलिए ताकि उनके साथ शादी से पहले की कुछ यादें हैं जिन्हें देखकर वो हमेशा उस पल को याद करें। इसे कराने के लिए हर कोई अपनी मनपसंद डेस्टिनेशन को चूज करना है। कई साड़ी लड़कियां ऐसी होती हैं जो अपने लिए शूट पर पहनने वाले आउटफिट की शॉपिंग करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो वेस्टर्न आउटफिट को वियर कर सकती हैं।



### गाउन करें वियर

अगर आपको रॉयल तरीके से अपना फोटोशूट कराना है तो इसके लिए आप लॉन्ग टेल या फिर बॉल गाउन खरीद सकती हैं। इस तरीके के गाउन में फोटो काफी अच्छी आती है। खास बात ये है कि इस गाउन को स्टाइल करके आप किसी प्रिंसेस से कम नहीं लगेंगी। इसमें आप अपना प्री वेडिंग फोटोशूट करा सकती हैं। आप इसमें वी नेकलाइन या फिर ऑफ शोल्डर गाउन खरीदकर वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो रेंज पर भी लेकर इन्हें वियर कर सकती हैं। इसे खरीदने के लिए आपको 2500 से 5000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कुछ स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप जंपसूट को वियर कर सकती हैं।

## छोटे बालों में ट्राई करें ये हेयरस्टाइल, जानें बनाने का तरीका

हेयर स्टाइल अलग-अलग तरीके से बनाए जाते हैं। कई सारे ऐसे होते हैं जो लंबे बालों में अच्छे लगते हैं तो कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें बनाने के लिए छोटे बाल अच्छे होते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि छोटे बालों में आसानी से हेयर स्टाइल नहीं बन पाता है, जिसकी वजह से समय भी ज्यादा लगता है और हेयर स्टाइल वैसा नहीं बनता जैसा हम सोचते हैं। ऐसे में आपको यहां बताए गए आसान हेयर स्टाइल को ट्राई करना चाहिए। इससे आपके बाल जल्दी बन जाएंगे, साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### कर्ली वेव हेयर स्टाइल

ऐसा जरूरी नहीं है कि हैवी कर्ल सिर्फ बड़े बालों में ही अच्छे लगते हैं। छोटे बालों में भी ये काफी अच्छे लगते हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल को आप साड़ी या सूट के साथ बना सकती हैं। हैवी कर्ल साइड पार्टिशन हेयर स्टाइल के साथ हैवी हेयर एक्सेसरीज भी खूब जमती है। आप भी इसी तरीके के हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। इसे बनाने में समय भी कम खर्च होगा। बस आपको इसके लिए कर्ल मशीन से इसे हैवी कर्ल करना है। इसके बाद एक साइड में हेयर एक्सेसरीज लगानी है। इस तरीके से सिर्फ 15 मिनट में आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा।

### बन विद गजरा हेयर स्टाइल

आप लो बन विद गजरा हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल को बनाने में समय कम लगता है। इसके लिए आपको पहले अपने बालों में आगे की तरफ बैक कॉमिंग करके पफ बनाना है। फिर इसे पिन की मजज से सेट करना है। अब नीचे की तरफ बन बनाना है। आप इसे बनाने के लिए बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशियल बन का इस्तेमाल करें। इससे जुड़ा अच्छा और हैवी बनेगा। इसके बाद इसमें गजरा लगाना है। आगे की तरफ थोड़े से बाल निकालें और कर्ल करें।

कार्नर न्यूज

### सर्दियों से पहले आमतौर पर त्वचा की समस्या आती है सामने

## मानसून के बाद त्वचा हो जाती है बेजान जरूरी टिप्स अपनाकर रहें तरोताजा

*मानसून खत्म होते ही अक्सर लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों के आते-आते स्किन पर दाने, सोरायसिस, और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां बढ़ जाती हैं। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। मानसून के जाने के बाद अपने शरीर को कैसे रीफ्रेश और एनर्जेटिक रख सकते हैं, यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। इनको फॉलो कर आप अपने बॉडी को हेल्दी रख सकते है-*



### सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें मानसून के बाद शरद ऋतु यानी सर्दियों के मौसम में पित्त का प्रभाव ज्यादा होता है, जिससे सोरायसिस जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इस मौसम में सूखे और बेकरी उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए, क्योंकि ये पित्त को बढ़ाते हैं और त्वचा की समस्याओं को बढ़ावा देते हैं।

### पेट साफ रखें

आपका पेट साफ होना बहुत जरूरी है। पेट की साफ-सफाई का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर पेट को साफ रखें।

### मौसमी सब्जियों का सेवन करें

अपने भोजन में करेला, परवल, आंवला, लौकी, नारियल और अंकुरित अनाज जैसे मौसमी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। ये सब्जियां आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।



### नियमित व्यायाम करें

पित्त की अधिकता के कारण इस मौसम में रक्तचाप भी बढ़ सकता है। इसलिए अपने आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।

### हल्का भोजन करें

पित्त रोगों से बचने के लिए हल्का भोजन करना चाहिए। गेहूं की रोटियों की बजाय जौ और मूंग दाल की रोटियों का सेवन करें। इससे आपका पेट हल्का रहेगा और त्वचा की समस्याएं कम होंगी।

### पर्याप्त पानी पीएं

इस मौसम में उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी त्वचा को हाइड्रेट रखता है और त्वचा के रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है।